जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति | दिनांक 07.07.2024

थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला छडियान में हुयी हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल कैंची बरामदः-

आज दिनांक 07.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला छडियान में कपडे सिलवाने को लेकर कैंची द्वारा जानलेवा हमला कर हत्या करने के मामले में वांछित अभियुक्त को मय आलाकत्ल (कैंची) के साथ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

ज्ञात हो कि दिनांक 06.07.2024 को वादी सावेज पुत्र युनुस निवासी मौहल्ला छडियान थाना कैराना जनपद शामली ने सूचना अंकित करायी कि उसका भाई मृतक कालू उर्फ शाहिद मौहल्ला छडियान स्थित नाज टेलर की दुकान पर अपने कपडे लेने गया था जहां अभियुक्तगण इमरान व हारुन पुत्रगण अय्यूब निवासी मौहल्ला कायस्थवाडा कस्बा व थाना कैराना ने कैंची से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी है। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

इमरान पुत्र अय्यूब निवासी मौहल्ला कायस्थवाडा कस्बा व थाना कैराना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.कैंची (आलाकत्ल)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र कसाना थाना कैराना जनपद शामली।

2.उ0नि0 संदीप कालखण्डे थाना कैराना जनपद शामली।

3.है0का0 मनीष थाना कैराना जनपद शामली।

4.का0 सोनू थाना कैराना जनपद शामली।

थाना कैराना/कांधला पुलिस द्वारा वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 07.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी व थाना कांधला पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 03 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के संबंध में सम्बन्धित थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.शौकीन पुत्र फतेहदीन निवासी कस्बा एलम थाना कांधला जनपद शामली

2.बेगराज पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम घिस्सुगढ थाना कैराना जनपद शामली।

3.पवन पुत्र प्रेम निवासी ग्राम घिस्सुगढ थाना कैराना जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI